PUBLICATION NAME :	Dainik Bhaskar
EDITION :	Delhi
DATE :	03/09/2022
PAGE:	12

हरित कारोबार करने वाली एक लाख महिला उद्यमियों को तैयार किया जाएगा

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिए देश के सौ पिछड़े जिलों में अगले एक हजार दिनों में एक लाख महिलाओं को उद्यमी बनाया जाएगा। इन महिलाओं को हरित कारोबारी के तौर पर तैयार किया जाएगा।

केन्द्र और राज्य सरकारों की मदद से भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त सेंटर ऑफ एक्सीलेंस एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) की ओर से देशभर में यह कार्यक्रम चलाया जाएगा। इसके लिए ब्लॉक से लेकर गांव स्तर पर प्रशिक्षकों की एक टीम होगी जो महिलाओं को हरित कारोबार करने के लिए प्रशिक्षण देगी।